



# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

वर्ष 02 -अंक:77 26 जनवरी,रविवार 2025


# 139 हस्तियों को पद्म पुरस्कार,7 को पद्म विभूषण

## पंकज उधास, सुशील मोदी समेत 19 को पद्म भूषण; 113 को पद्मश्री



**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को 2025 के लिए 139 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया। शारदा सिन्हा, ओसामु सुजुकी समेत 7 हस्तियों को पद्म विभूषण सम्मान दिया गया है।

वहीं पूर्व हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश, पंकज उधास और सुशील मोदी समेत 19 हस्तियों को पद्म भूषण के लिए चुना गया। इनके अलावा, राजस्थान की लोक गायिका बतूल बेगम, दिल्ली की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरजा भटला समेत 113 हस्तियों को इस बार पद्म श्री से सम्मानित किया जाएगा।

पद्म पुरस्कार विजेताओं में से 23 महिलाएं हैं। इनमें 10 विदेशी/NRI/PIO/OCI कैटेगरी के लोग भी हैं। 13 हस्तियां ऐसी हैं, जिन्हें मरणोपरांत पुरस्कार दिए जा रहे हैं।

**4 हस्तियों को मरणोपरांत पद्म भूषण :**बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी, मनोहर जोशी, अर्थशास्त्री बिबेक देबरॉय, गजल गायक पंकज उधास को मरणोपरांत पद्म भूषण दिया गया है।

**पद्मश्री पुरस्कार में कई गुमनाम हस्तियां, क्रिकेटर आर अश्विन का नाम भी :**पद्मश्री पुरस्कार ऐसे 113 लोगों को दिया जा रहा है, जिनमें कई गुमनाम हैं। कुवैत की योगा ट्रेनर और ब्राजील के मैकेनिकल इंजीनियर से हिंदू आध्यात्मिक और वेदांत गुरु बने जोनास मासेटी का नाम भी है। 100 साल की लीबिया लोबो सरदेसाई को पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

पश्चिम बंगाल के 57 साल के गोकुल चंद्र दास को यह अवॉर्ड मिला है। इन्होंने 150 महिलाओं को ढाक बजाने की ट्रेनिंग दी। राजस्थान की लोक गायिका बतूल बेगम, दिल्ली की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरजा भटला, सामाजिक कार्यकर्ता भीम सिंह भावेश ,दक्षिण भारतीय संगीतकार पी. दत्चनमूर्ति, नगालैंड के फल किसान एल. हैंगथिंग का भी पद्मश्री की लिस्ट में नाम है।

**अल सबाह ने गल्फ में योग को तो मैसेट ने ब्राजील में भारतीय दर्शन को फैलाया :**शेख एजे अल सबा- कुवैत की योग प्रैक्टिशनर अल सबाह को योग मेडिसिन में पद्मश्री अवॉर्ड दिया गया। इन्होंने अपने देश में पहला लाइसेंस प्राप्त योग स्टूडियो की स्थापना की। इसके जरिए अल सबा ने गल्फ देशों में आधुनिक विधियों से योग को बढ़ावा दिया। साथ ही शेम्स यूथ योगा डेवलप किया।

**जोनास मैसेट-** ब्राजील के मैकेनिकल इंजीनियर से हिंदू आध्यात्मिक गुरु बने जोनास ने भारतीय अध्यात्म, दर्शन और संस्कृति को बढ़ावा दिया। साथ ही उन्होंने वेदांत ज्ञान पर वैश्विक स्तर पर शिक्षा आसान बनाई। मैसेट विश्वनाथ के नाम से जाने जाते हैं। उन्होंने 2014 में विश्व विद्या की स्थापना की। इसका कार्यालय रियो डी जनेरियो में है।




## अवकाश सूचना

गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी 2025 को दैनिक खोज खबर कार्यालय बंद रहेगा। अतएव ई-पेपर संस्करण का अगला अंक 28 जनवरी 2025 को आयेगा।

संपादक

## कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल पूरा

### माइनस 10डिग्री में भी चलेगी, फरवरी से शुरू हो सकती है; रेल मंत्री बोले- यह सपना सच होने जैसा

**श्रीनगर,एजेंसी।** यात्रीगण कृपया ध्यान दें... कश्मीर जाने के लिए ट्रेन संख्या 244027, वंदे भारत एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर एक पर खड़ी है। जम्मू रेलवे स्टेशन पर



शुक्रवार को दूसरी ट्रेनों का इंतजार कर रहे सैकड़ों यात्री यह सुनकर भारत माता की जय के नारे लगाए।

यह खुशी इसलिए थी, क्योंकि जम्मू-कश्मीर को पहली बार वंदे भारत ट्रेन मिलने वाली है। शनिवार को इसका ट्रायल पूरा हुआ।

ट्रेन सुबह 8 बजे कटरा से रवाना हुई और 11 बजे कश्मीर के अंतिम स्टेशन श्रीनगर पहुंची। यानी 160 किलोमीटर का सफर 3 घंटे में पूरा किया। जम्मू-कश्मीर में चलने वाली यह ट्रेन खास तौर पर कश्मीर के मौसम के हिसाब से डिजाइन की गई है। बर्फबारी में भी यह आसानी से चलेगी।

ट्रेन में लगा हीटिंग सिस्टम पानी की टंकियों और बायो-टॉयलेट को जमने से रोकेगा।

ड्राइवर का विंडशील्ड और एयर ब्रेक माइनस टेंपरेचर में भी काम करेगा।

## अजमेर दरगाह विवाद- याचिकाकर्ता पर फायरिंग का दावा



**अजमेर,एजेंसी।** अजमेर दरगाह में शिव मंदिर होने की याचिका लगाने वाले विष्णु गुप्ता पर फायरिंग का दावा किया जा रहा हैं। अजमेर से जयपुर लौटने के दौरान शनिवार सुबह 6 बजे उनकी कार पर गोली चलाई गई है। बताया जा रहा है कि दो बाइक सवारों ने गोली चलाई है। हालांकि, पुलिस ने फायरिंग होने की बात कंफर्म नहीं की है। गुप्ता ने फायरिंग को लेकर कहा कि ये हमला सोची समझी साजिश है।

मैंने बाइक सवारों को भागते देखा- विष्णु गुप्ता

विष्णु गुप्ता ने बताया कि जैसे ही फायर की आवाज आई मैंने ड्राइवर को गाड़ी भगाने को कहा। मैंने गाड़ी में पीछे देखा तो पता चला कि दो बाइक सवार आए थे। ये हमला सोची-समझी साजिश है ताकि इस केस को मैं आगे नहीं बढ़ा सकूं। मुझे पहले भी धमकी मिली है लेकिन मैं डरने वाला नहीं हूं।

जांच की जा रही है- पुलिस

सीओ (ग्रामीण) रामचंद्र चौधरी ने बताया कि शनिवार सुबह विष्णु गुप्ता अपनी कार से जयपुर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि करीब 6 बजे गगवाना के पास बाइक सवार दो युवकों ने उन पर गोली चलाई और फरार हो गए।

युवक कौन थे, कैसे दिख रहे थे इसके बारे में जानकारी नहीं है। मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया गया है। गुप्ता ने पुलिस को बताया कि गोली ड्राइवर साइड के पीछे बाहर की तरफ लगी है।

# आर्म्ड फोर्स के 93 जवानों को वीरता पुरस्कार

## इनमें 2 कीर्ति चक्र और 14 शौर्य चक्र; 305 डिफेंस डेकोरेशन अवॉर्ड भी दिए गए

**नई दिल्ली,एजेंसी।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आर्म्ड फोर्स और सेंट्रल आर्म्ड फोर्स के 93 जवानों को वीरता पुरस्कार देने की मंजूरी दी। इनमें 2 कीर्ति चक्र (1 मरणोपरांत) और 14 शौर्य चक्र (3 मरणोपरांत) शामिल हैं। कीर्ति चक्र देश का दूसरा सबसे बड़ा शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है। यह 22 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर मंजीत और 28 राष्ट्रीय राइफल्स के नायक दिलवर खान (मरणोपरांत) को प्रदान किया गया है। इसके अलावा आर्म्ड फोर्स और अन्य कर्मियों को 305 डिफेंस डेकोरेशन की भी मंजूरी दी गई है। इनमें 30 परम विशिष्ट सेवा मेडल, पांच उत्तम युद्ध सेवा मेडल, 57 अति विशिष्ट सेवा मेडल, 10 युद्ध सेवा मेडल शामिल हैं। इसके साथ ही एक बार टू सेना मेडल (वीरता), 66 सेना मेडल (सात मरणोपरांत), 2 नौ सेना मेडल, और 8 वायु सेना मेडल, चार बार टु विशिष्ट सेवा मेडल और 132 विशिष्ट सेवा मेडल शामिल हैं। 942



कर्नल मनप्रीत सिंह
कीर्ति चक्र

जसप्रीत सिंह संधू
वायु सेना मेडल

पुलिस, फायर डिपार्टमेंट, सिविल डिफेंस पर्सनल को गैलेंट्री और सर्विस मेडल इससे पहले केंद्र सरकार ने पुलिस, फायर डिपार्टमेंट और सिविल डिफेंस के 942 जवानों के लिए वीरता (गैलेंट्री) और सेवा पदक (सर्विस मेडल) की घोषणा की थी। विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक (PSM) पाने वाले 101 लोग हैं। सराहनीय सेवा के लिए मेडल (MSM) पाने वाले 746 कर्मी हैं। केंद्र सरकार ने 95 लोगों को वीरता पदक दिया। इनमें 5 नाम ऐसे हैं जिन्हें मरणोपरांत सम्मानित किया गया।

# राष्ट्रपति मुर्मू-पीएम मोदी से मिले इंडोनेशियाई राष्ट्रपति, आज गणतंत्र दिवस में होंगे मुख्य अतिथि



**नई दिल्ली,एजेंसी।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने आज राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने पीएम मोदी से गले भी मिलें। सुबियांतो 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए भारत आए हैं। वे गुरुवार रात नई दिल्ली पहुंचे, जहां एयरपोर्ट पर विदेश राज्य मंत्री पावित्रा मार्गेरिटा ने उनका स्वागत किया। प्रबोवो सुबियांतो गणतंत्र दिवस में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लेने वाले इंडोनेशिया के चौथे राष्ट्रपति हैं। इंडोनेशिया के पहले राष्ट्रपति सुकर्णो 1950 में भारत के पहले गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि थे।

### इन समझौतों पर हो सकती है बात

इंडोनेशिया भारत से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें खरीदने को लेकर इच्छुक है। ऐसे में राष्ट्रपति सुबियांतो अपनी इस यात्रा के दौरान ब्रह्मोस मिसाइलें खरीदने पर चर्चा जरूर करेंगे। रविवार को इंडोनेशिया का 352 सदस्यीय मार्चिंग और बैंड दल कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेगा। यह पहली बार होगा जब इंडोनेशिया का दल विदेश में राष्ट्रीय दिवस परेड में शामिल होगा। पिछले कुछ वर्षों में भारत-इंडोनेशिया संबंधों में तेजी आई है। पीएम मोदी ने 2018 में इंडोनेशिया की यात्रा की थी, इस दौरान भारत-इंडोनेशिया संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया। प्रबोवो सुबियांतो इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी बातचीत कर चुके हैं। इंडोनेशिया में राष्ट्रपति चुने जाने के बाद सुबियांतो ने पीएम मोदी को फोन किया था। इस दौरान दोनों के बीच भारत-इंडोनेशिया के संबंधों को आगे बढ़ाने से लेकर कूटनीतिक संबंधों को मजबूत करने पर बात हुई थी। इसके अलावा दोनों नेताओं ने 2024 में ब्राजील के रियो डी जेनेरो में जी20 सम्मेलन के दौरान भी मुलाकात की थी।

## महाकुंभ- यमुना में 35 फीट गहराई पर नाव पलटी रिंग फेंककर 10 को बचाया, किला घाट पर नावों का संचालन रोका; योगी प्रयागराज पहुंचे

**प्रयागराज,एजेंसी।** महाकुंभ का आज 14 वां दिन है। शनिवार सुबह किला घाट पर यमुना में एक नाव पलट गई। नाव में सवार 10 लोग यमुना में डूबने लगे। जल पुलिस ने लाइफ जैकेट और रिंग्स फेंककर सभी को बचाया। जहां हादसा हुआ, वहां यमुना की गहराई 35 फीट के करीब थी। सभी को प्राइमरी ट्रीटमेंट के लिए अस्पताल भेजा गया है। इससे पहले, सुबह महाकुंभ क्षेत्र में सेक्टर-2 के पास दो गाड़ियों में अचानक आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। फायर अफसर विशाल यादव ने बताया- एक गाड़ी में आग लग गई थी। उसके पास खड़ी दूसरी गाड़ी भी आधी जल गई। वजह अभी स्पष्ट नहीं है। इससे पहले, 19 जनवरी को सिलेंडर की गैस लीक होने से सेक्टर- 19 में आग लग गई थी। इसमें 180 टेंट जल गए थे। मशहूर गायक गुरु रंधावा ने शुक्रवार को महाकुंभ में स्नान किया। उन्होंने X पर लिखा- नई शुरुआत कर रहा हूं। सीएम योगी प्रयागराज पहुंच गए हैं। उन्होंने अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ योगी महासभा में हिस्सा लिया।



कोलकाता रेप-मर्डर केस

## पीड़िता की फैमिली बोली- पुलिस और अस्पताल ने सबूत मिटाने की कोशिश की, सीएम जिम्मेदारी से बच नहीं सकतीं

**कोलकाता,एजेंसी।** कोलकाता रेप-मर्डर मामले में पीड़िता की फैमिली ने पुलिस और अस्पताल पर सबूत मिटाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। लड़की के माता-पिता ने शुक्रवार को कहा कि पुलिस और अस्पताल के अधिकारियों ने उनकी बेटी के दुष्कर्म और हत्या के सबूत नष्ट करने की कोशिश की। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इसकी जिम्मेदारी लेने से बच नहीं सकती हैं।

लड़की की फैमिली ने आगे कह कि मुख्यमंत्री इस बात की जिम्मेदारी से नहीं बच सकतीं कि कोलकाता पुलिस, अस्पताल और प्रशासन क्यों विफल रहे।




मुख्यमंत्री को यह बताना चाहिए कि क्यों अपराध स्थल को सील नहीं किया गया और क्यों बड़ी संख्या में लोगों को वहां जाने दिया गया, जिससे सबूत नष्ट हो गए।

लड़की के माता-पिता ने आरोप लगाया कि सीबीआई और कोलकाता पुलिस ने जांच को कमजोर किया ताकि कुछ लोगों को बचाया जा सके। 29 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई 29 जनवरी को होगी। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच इस मामले को सुनेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को लेकर खुद संज्ञान लिया था। सुप्रीम कोर्ट ट्रेनी डॉक्टर के माता-पिता की याचिका पर भी सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे ष्ब्ठप् की जांच से सहमत नहीं है। उन्होंने केस की फिर से जांच कराने की मांग की थी।

इससे पहले 20 जनवरी को सेशंस कोर्ट ने संजय रॉय को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

## कांग्रेस ने फिर निर्वाचन आयोग पर बोला हमला, कहा- उसकी कार्यशैली संविधान का मजाक उड़ाने वाली

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस ने शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता पर सवाल उठाते हुए, बड़ा हमला बोला है। कांग्रेस ने दावा किया कि आज जिस तरह से आयोग काम कर रहा है वह संविधान का मजाक एवं मतदाताओं का अपमान है। उन्होंने पिछले एक दशक में छेड़छाड़ किये जाने का भी दावा किया है।

कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आयोग की संस्थागत ईमानदारी का लगातार क्षरण गंभीर राष्ट्रीय चिंता का विषय है। खरगे ने एक्स पर लिखा कि, भले ही हम राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाते हैं, लेकिन पिछले दस वर्षों में भारत के निर्वाचन आयोग की संस्थागत ईमानदारी का लगातार होता क्षरण गंभीर राष्ट्रीय चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा, ÷हमारा निर्वाचन आयोग और हमारा संसदीय लोकतंत्र, व्यापक संदेह के बावजूद, दशकों से निष्पक्ष, स्वतंत्र और विश्व स्तर पर अनुकरण के लिए आदर्श बन गया। सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की प्राप्ति तथा पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय हमारे नीति निर्माताओं के दृष्टिकोण का प्रतीक है।÷ खरगे के अनुसार, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कायम रखने में लापरवाही



अनजाने में सत्तावाद का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इसलिए हमारे लोकतंत्र को बचाये रखने और इसे रेखांकित करने वाले संवैधानिक सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए हमारी संस्थाओं की स्वतंत्रता की रक्षा करना आवश्यक है।

कांग्रेस महासचिव रमेश ने भी निर्वाचन आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने कहा अफसोस की बात है कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की जोड़ी ने निर्वाचन आयोग के पेशेवर रवैये और स्वतंत्रता के साथ गंभीर रूप से छेड़छाड़ किया है। इसके कुछ फैसलों को अब उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र के हाल के विधानसभा चुनावों को लेकर व्यक्त की गई चिंताओं पर इसका रुख आश्चर्यजनक रूप से पक्षपात से भरा रहा है।

# 11 राज्यों में कोहरे का अलर्ट, हिमाचल में बर्फबारी-बारिश रुकी

## बिहार के 11 जिलों में कोल्ड-डे, 15 में घने कोहरे की चेतावनी; म.प्र. में ठंड बढ़ी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** मौसम विभाग ने शनिवार को 11 राज्यों में कोहरे का अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी में कमी आई है। हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी और बारिश रुक गई है। लेकिन ठंड बरकरार है। जम्मू-कश्मीर में अगले 5 दिन में सुबह का तापमान बढ़ने और रात का 1-3°C गिरने का अनुमान है। हिमाचल में अगले 4 दिन तक बर्फबारी-बारिश के आसार नहीं है। 5 जिलो में कोल्ड वेव का येलो अलर्ट है। 29 जनवरी को वेस्टर्न डिस्टरबेंस दोबारा एक्टिव होने का अनुमान है। इससे बाद फिर से बर्फबारी हो सकती है। दिल्ली में शनिवार को आसमान साफ रहेगा, तेज हवाएं चल सकती हैं। बिहार के 11 जिलों में कोल्ड-डे और 15 जिलों में घने कोहरे का येलो अलर्ट है। अगले दो दिनों तक ठंड से राहत नहीं मिलेगी। न्यूनतम तापमान 8 से 14 डिग्री के बीच रह सकता है। पंजाब के 6 जिलों में कोल्ड वेव की चेतावनी है। स्क्ष्में उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं की कारण फिर से ठंड बढ़ी है। शुक्रवार को भोपाल में दिन का तापमान 6.8 डिग्री लुढ़ककर 22.6 डिग्री पर आया। अगले 3 दिन प्रदेश में ऐसा ही मौसम रहेगा।



डल्लेवाल के अनशन का 61वां दिन:

# आज 26 जनवरी को देशभर में ट्रैक्टर मार्च की तैयारियां, मध्य प्रदेश में निकलेगी मोटरसाइकिल रैली

**पटियाला,एजेंसी।** किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनशन का आज 61वां दिन है। दाता सिंह वाला-खनौरी किसान मोर्चा पर चल रहे इस ऐतिहासिक सत्याग्रह को दो महीने पूरे हो गए हैं। किसान नेताओं ने कहा कि यह मोर्चा पूरी तरह से किसानों की मांगों पर केंद्रित है और इसका किसी अन्य मुद्दे से कोई संबंध नहीं है।

उन्होंने जनता और प्रशासन से अपील की है कि इस पवित्र आंदोलन को अपवित्र करने की कोई कोशिश न की जाए।

**डल्लेवाल की सेहत में सुधार:**अब डल्लेवाल की सेहत में लगातार सुधार देखने को मिल रहा है। सुप्रीम कोर्ट के पीजीआई में इलाज करवाने के सुझाव को डल्लेवाल ने मानने से इनकार कर दिया है। वहीं, बीते दिन डल्लेवाल लंबे समय बाद धूप में निकले। डॉक्टर्स की टीम की कोशिश है कि डल्लेवाल को 14 फरवरी तक तंदरुस्त किया जाए, ताकि वे बैठक में टेबल पर बातचीत कर सकें।

**किसान मोर्चा की मांगों पर केंद्रित आंदोलन :** किसान नेताओं ने स्पष्ट किया कि 13 फरवरी से चल रहे इस किसान मोर्चे का उद्देश्य केवल किसानों की मांगों को लेकर सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन पूरी तरह से शांतिपूर्ण और पवित्र है। किसान नेताओं ने सभी किसानों और आंदोलन से जुड़े लोगों से अपील की कि वे इस आंदोलन की मर्यादा बनाए रखें और इसे किसी भी तरह से भटकाने या अपवित्र करने की अनुमति न दें। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसानों के हक की लड़ाई है और इसे किसी भी बाहरी ताकत से प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा।



**सुप्रीम कोर्ट ने बनाई कमेटी :** किसान आंदोलन का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। वहीं, किसानों के मुद्दों का समाधान निकालने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक हाई पावर कमेटी बनाई है। कमेटी के अध्यक्ष रिटायर्ड जस्टिस नवाब सिंह हैं। जबकि कमेटी में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हैं। इस कमेटी ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात की है। कमेटी की ओर से सुप्रीम कोर्ट को अंतरिम रिपोर्ट सौंप दी गई है। जल्द ही यह अपनी दूसरी रिपोर्ट सौंपेगी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई अब फरवरी महीने में होगी।

# सोनपुर अनुमंडल कार्यालय सभागार में मतदाता दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

## निर्वाचन संबंधित बेहतर कार्य करने पर सोनपुर एसडीओ को जिला पदाधिकारी ने किया पुष्कृत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर अनुमंडल कार्यालय के सभागार में शनिवार को 15 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया. डीसीएलआर के मौजूदगी में सभी अनुमंडल के पदाधिकारी, कर्मियों को मतदाता दिवस के मौके पर डीसीएलआर रशिम कुमारी ने मतदान के प्रति जागरूक करना, अपना मत अपना अधिकार को समझना जैसे थीम पर सभी पदाधिकारी व कर्मी ने पंक्तिबद्ध होकर शपथ दिलायी कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुणण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म,वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. इस मौके पर डीसीएलआर ने कहा कि हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है.लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए यह आवश्यक है की भारत के सभी नागरिक मतदान में भाग लेंवही सोनपुर अवर निर्वाचि पदाधिकारी अखलाक अंसारी ने उपस्थित पदाधिकारी एवं कर्मियों को उन्होंने कहाँ कि 25 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू होने के एक दिन पूर्व भारत निर्वाचन आयोग का गठन किया गया. भारत निर्वाचन आयोग भारत में स्वतंत्र,निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है.भारत निर्वाचन आयोग ने 2011 में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का निर्णय लिया. जिसका उद्देश्य है कि मतदाताओं का निर्वाचन मतदाता सूची के बारे में जागरूक करना है.उन्होंने कहाँ कि मतदान का अधिकार बहुत मुश्किल से प्राप्त हुआ है.सरकार बनाने में मतदाताओं का निर्णय ही अंतिम होता है.इसलिए सभी मतदाताओं को जागरुक होकर निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी पूर्ण भागीदारी निभानी चाहिए.हम राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर संकल्प ले की भय मुक्त होकर बिना किसी प्रलोभन के अपना मत अपना अधिकार को समझते हुए मतदान जरूर करें और लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें.अवर निर्वाची पदाधिकारी ने यह भी बताया कि मतदाता दिवस के मौके पर जिला स्तर पर बेहतर निर्वाचन कार्य करने वाले को पुरस्कृत किया गया है जिसमें सोनपुर निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी आशीष कुमार को मतदाता सूची में लिंगानुपात सुधार,मतदाताओं का नाम जोड़ने एवं मृत मतदाताओं को नाम विलुप्त करने हेतु बेहतर कार्य करने पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी सारण अमन शमीर द्वारा पुरस्कृत किया गया है. इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यपालक दंडाधिकारी रामजी पासवान, स्टोनो बिरेन्द्र चौधरी, राजीव कुमार,हरेंद्र प्रसाद वर्मा, जितेंद्र कुमार, राजकिशोर चौधरी,स्वप्निल कुमार, अनिल कुमार सहित अनुमंडल कार्यालय केकर्मी मौजूद रहे.



## भारतीय संविधान व बाबा साहब के योगदान के बारे में जागरूक करना उद्देश्य

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** पचरुखी प्रखंड मुख्यालय के भवानी मोड़ स्थित एक निजी स्कूल में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष त्रिलोकी सिंह पटेल के नेतृत्व में शनिवार को संविधान गौरव अभियान के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां प्रतियोगिता में शामिल बच्चों से संविधान और बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर से जुड़े सवाल पूछे गए। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के योगदान के बारे में जागरूक करना है। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने कहा कि डा.भीमराव अंबेडकर के जीवनी हर बच्चों को जानना चाहिए। भाजपा हमेशा उनको सम्मानित करने का काम किया है। भाजपा की सरकार उनकी पुरानी स्मृतियों को आज एक नई पहचान दिला रही है। कार्यक्रम में विकास गिरी, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नीतीश कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष शामिल उपाध्याय, जिला मंत्री महेश कुमार, डा.मृत्युंजय राज सिकु आदि उपस्थित थे।

## भूमि विवाद में मारपीट मामले में आधा दर्जन के विरुद्ध प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर/हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के रेनुआ निवासी सुनीता देवी ने थाना में आवेदन देकर भूमि विवाद में मारपीट मामले में छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। दिए गए आवेदन में बताया है कि उनके पति जयकुमार साह तीन भाई हैं। तीन वर्ष पूर्व तीनों भाइयों की सहमति से पुश्तैनी जमीन एवं मकान में बराबर का बंटवारा भी हुआ है। लेकिन 21 जनवरी की सुबह आठ बजे हरेकृष्ण साह, विकास कुमार साह, आकाश कुमार साह, मनीषा कुमारी, सीमा कुमारी एवं उषा देवी लाठी, डंडे एवं ईंट से मारपीट कर उनके पति को घायल कर दिया था। आसपास के लोगों की मदद से मेरे पति को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक द्वारा बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि सभी आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## इंटर परीक्षा को ले एसडीओ ने केंद्रों का किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/महाराजगंज (सिवान)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट की सैद्धांतिक विषयों की परीक्षा एक फरवरी से शुरू हो रही है। इसको लेकर अनुमंडल मुख्यालय में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। शनिवार को एसडीओ अनिल कुमार, एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन ने संयुक्त रुप से सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्रों पर शौचालय, बिजली की व्यवस्था, पेयजल, भवन की जानकारी संबंधित प्रधानाध्यापक व प्राचार्य से ली। एसडीओ ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी को कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पदाधिकारीद्वय ने सेंट जोसेफ हाई स्कूल रामापाली, जीपीएस पब्लिक स्कूल रामापाली, आर्य कन्या मध्य विद्यालय काजी बाजार, उमाशंकर प्रसाद उच्च विद्यालय, एसकेजेआर उच्च विद्यालय, सिहौता बंगरा उच्च विद्यालय, अनुग्रह नारायण उमाशंकर सिंह महिला महाविद्यालय परीक्षा केंद्रों का गहनता पूर्वक जायजा लिया। इस दौरान बीपीएम अमित कुमार, सीओ पुनुस आदि उपस्थित थे।

## जन सुराज जिला पदाधिकारियों की नयी सूची जारी

### अभियान समिति के संयोजक बने जनार्दन सिंह चौहान

### तीसरी बार कुलदीप महासेठ बने मुख्य प्रवक्ता




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जन सुराज जिला कार्यालय परिसर में जिला प्रभारी उर्मिला कुमारी ने जन सुराज के जिला पदाधिकारियों की नयी सूची की घोषणा किया। जिसमें जिलाध्यक्ष बच्चा राय उपाध्यक्ष क्रमशः संतोष सिंह, मनोरमा कुमारी, शमीम अहमद आदि जिला संगठन महासचिव श्रवण महतो जिला अभियान संयोजक जनार्दन सिंह चौहान, जिला महिला अध्यक्ष अमिता सहनी,जिला युवा अध्यक्ष कुमार शिवम, जिला किसान अध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा, मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ, जिला कार्यालय प्रभारी राजीव चौधरी सहित छपरा, सोनपुर और मढ़ौरा अनुमंडल में संगठन जिला प्रभारी एवं नगर में नगर संगठन प्रभारी की सूची भी जारी किया गया। इस मौके पर जिला प्रभारी उर्मिला कुमारी ने जन सुराज के कार्यकर्ता अनुशासन को ध्यान में रखते हुए संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने की बात कही।उन्होंने कहा कि बदहाल बिहार को बेहतर बनाने के लिए प्रशांत किशोर की बातों को जन जन तक पहुचाने की जरूरत है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष बच्चा राय, प्रदेश महासचिव राहुल सिंह राज्य परिषद सदस्य मुन्ना भवानी, सुरेश सिंह, नूतन शर्मा, संपत्त राम राही, अमिता सहनी, कुलदीप महासेठ, प्रियरंजन सिंह युवराज, जनार्दन सिंह चौहान, कुमार शिवम, पूर्व जिला पार्षद मनोरमा कुमारी, प्रीति रानी, आरती सहनी, उषा देवी, जय नारायण प्रसाद, नवनीत यादव, खुर्शीद नैयर, प्रमोद सिंह टुन्ना, भोला सिंह,अभिषेक कुमार आदि सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## सारण एसपी ने सोनपुर पहुंच लूटकांड स्थल का निरीक्षण कर लिया जायजा



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र केनगर पंचायत के वृंदावन कॉलोनी में शुक्रवार शाम हुई लूट की घटना को लेकर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ.कुमार आशीष ने शनिवार को घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस मौके पर सोनपुर डीएसपी नवल किशोर समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।इस दौरान एसपी ने एसआईटी का गठन किया और मामले की गहराई से जांच के निर्देश दिए। घटनास्थल पर एफएसएल टीम और स्वान दस्ते ने सबूत जुटाने का काम किया।इस संबंध में भागलपुर जिले के रामजीवनपुर निवासी स्वर्गीय वकील राय के पुत्र उमेश कुमार, जो शराब कारोबारी व गृह स्वामी के रिश्तेदार बताए जाते हैं, उन्होंने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बता दे कि आवेदन केआधार पर शुक्रवार के शाम वृंदावन कॉलोनी में हथियार से लैस करीब 5 -6 बदमाशों ने घर में घुसकर एक वृद्ध महिला और 20 वर्षीय युवक को पिस्तौल के नोक पर बंधक बनाकर घर में रखे सोने चांदी और 9 लख रुपए लेकर युवक को घायल करते हुए फरार हो गया है.इस घटना में मोहन राय की विधवा और उनके घर में एक रिश्तेदार उमेश राय मौजूद था. प्राथमिकी के अनुसार, घटना में ?9 लाख नकद और लाखों रुपये के सोने चांदी केआभूषण, मोबाईल लूटे गए हैं। इस संबंध में सोनपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि इस घटना के बाद से पुलिस ने जानकारी हासिल की जिसमें मोहन राय और छोटू राय बड़े शराब कारोबारी है और उन पर पहले से भी कई मुकदमे दर्ज है.यह घटना अवैध कारोबार से जुड़ी रंजिश का परिणाम हो सकती है.पुलिस ने घटना से जुड़े सभी पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है.एसपी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज एवं स्थल निरीक्षण के आधार पर जांच तेज कर दी गई है.ज़ल्द ही बदमाश पकड़े जाएंगे.पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें ताकि अपराधियों तक पहुंचा जा सके।

## आठ दिनों से गायब अधेड़ का शव बरामद, स्वजनों में मचा कोहराम

**दैनिक खोज खबर/रघुनाथपुर (सिवान)।** थाना क्षेत्र के गभीरार गांव के दियरा इलाके में गेहूं की फसल में शनिवार की देर शाम एक अधेड़ का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान शीतलपुर निवासी हरेंद्र बिंद उर्फ मटर बिंद के रूप में हुई है। बताया जाता है कि ग्रामीण गभीरार दियरा क्षेत्र में अपने पशुओं को चरा रहे थे। तभी गेहूं की खेत में एक व्यक्ति का शव दिखाई दिया। शव मिलने की सूचना पर काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीण नागेंद्र मांझी ने शव की पहचान शीतलपुर निवासी 55 वर्षीय हरेंद्र बिंद उर्फ मटर बिंद के रूप में की। घटना की सूचना थाना एवं मृतक के स्वजनों को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की जानकारी ली। वहीं शव मिलने की सूचना पर मृतक के स्वजन भी पहुंच गए और शव देख दहाड़ मारकर रोने लगे। स्वजनों ने बताया कि हरेंद्र बिंद 18 जनवरी से घर से गायब थे। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। स्वजनों के कहने पर पुलिस ने शव को उन्हें सौंप दिया। थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने बताया कि शव को मृतक के स्वजनों को सौंप दिया गया है।

## रेल मंडलों में कार्यरत स्टेशन मास्टरों के समस्याओं पर अपर महाप्रबंधक सहित अन्य अधिकारियो केसाथ विस्तृत से चर्चा की गयी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** ऑल इण्डिया स्टेशन मास्टर्स संगठन पूर्व मध्य रेल के जोनल महामंत्री कुमार विजय एवं जोनल लाइजेन सचिव शंभू प्रसाद के नेतृत्व में पूर्व मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक सुधीर कुमार तथा प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक डॉक्टर मनोज सिंह तथा मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक ,मुख्य परिवहन योजना प्रबंधक, डिप्टी मुख परिचालन प्रबंधक (सामान्य) डिप्टी परिचालक प्रबंधक (कोचिंग) तथा डिप्टी परिचालन प्रबंधक( सामान्य) से मिलकर नव वर्ष की शुभकामना दी गई। पांचो मंडलों में कार्यरत स्टेशन मास्टरों के समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। स्टेशन मास्टर ऑफिस में एसी लगाने, अटैच टॉयलेट की व्यवस्था करने,आरो वॉटर उपलब्ध कराने, स्टेशन मास्टरों के स्थानांतरण में प्रायोरिटी रजिस्टर का पालन करने तथा जोन से इ आई रोस्टर को समाप्त करने के लिए, सभी स्टेशनों पर सुपरवाइजर स्टेशन अधीक्षक हेतु प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक से विस्तृत चर्चा की गई और उन्होंने आश्वासन दिया की की समस्याओं के निदान हेतु कार्य किया जा रहा है। सभी अधिकारियों ने संरक्षा पूर्वक कार्य करने एवं यात्रियों के प्रति संवेदनशील होकर उनकी मदद करने हेतु आगे बढ़कर कार्य करने का निर्देश भी दिया।इसमें जोनल उपाध्यक्ष नीरज कुमार सिंह दानापुर मंडल के मंडल सचिव राजेश कुमार जैनेंद्र कुमार डी डी यू मंडल से मंडल अध्यक्ष अमित रंजन उदित कुमार और अरूणजय कुमार सोनपुर मंडल के मंडल वित्त सचिव राणा रत्नेश कुमार सिंह पंकज कुमार, रवि प्रकाश कुमार आदि की उपस्थित रहे।

## सारण डीएम ने हरिहरनाथ कॉरिडोर निर्माण व रिवर फ्रंट को विकसित किये जाने हेतु किया स्थलीय निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** जिलाधिकारी सारण अमन समीर द्वारा अपर समाहर्त्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, सोनपुर आशीष कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, सोनपुर के साथ सोनपुर अवस्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर को विकसित करने के परिप्रेक्ष्य में हरिहरनाथ कॉरिडोर निर्माण हेतु तथा रिवर फ्रंट को काली घाट से दीघा पुल तक विकसित किये जाने हेतु संबंधित कंसल्टेंट के साथ स्थलीय निरीक्षण शनिवार को किया गया। साथ ही नाव के माध्यम से गंडक नदी एवं गंगा नदी के किनारे किनारे भ्रमण एवं आवश्यक विचार विमर्श कर अतिशीघ्र एक सुव्यवस्थित कार्य योजना तैयार करने का निदेश दिया गया ताकि उक्त निर्मित प्लान के अनुसार कॉरिडोर निर्माण एवं रिवर फ्रंट विकसित करने हेतु जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इससे हरिहरनाथ मंदिर एवं गंडक तथा गंगा नदी के किनारे को विकसित कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकेगा।



## विद्यालय से समरसेवल पंप की चोरी

**दैनिक खोज खबर/भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के राजकीय प्राथमिकी विद्यालय छोटा दीगर में 23 जनवरी की रात अज्ञात चोरों द्वारा समरसेवल पंप की चोरी कर ली गई है। इस संबंध में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शंभा कुमारी ने शुक्रवार को थाना में आवेदन देकर अज्ञात के विरुद्ध चोरी की शिकायत की है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## मोबाइल छीनतई के आरोप में एक युवक गिरफ्तार

दैनिक खोज खबर/सोनपुर। सोनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सबलपुर चाई टोला में दिनेश सिंह पिता रामेश्वर सिंह के मोबाइल छीन कर फरार 2024 में एक युवक फरार हो गया था जहां पीड़ित के आवेदन के आलोक में सोनपुर पुलिस ने मामले की तहकीकात करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया.जहां गिरफ्तार युवक सबलपुर चाई टोला की अमन प्रसाद पिता अशोक शाह को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है.

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मशरक के सरकारी विभागों में शपथ

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मशरक के सरकारी विभागों और अनुमंडल पुलिस कार्यालय, पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय और थाना परिसर समेत बीआरसी परिसर में शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनुमंडल पुलिस कार्यालय में डीएसपी अमरनाथ, इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थाना परिसर में थानाध्यक्ष अजय कुमार और बीआरसी परिसर में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों समेत कर्मचारियों ने भारत के लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए शपथ लिया। इस दौरान सभी ने अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

# सारण डीएम ने शेरपुर-दिघवारा रिंग रोड, मानिकपुर -बाकरपुर भारतमाला परियोजना, जे पी सेतु के समानान्तर पुल का निर्माण परियोजना का किया स्थलीय निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** जिलाधिकारी सारण अमन समीर द्वारा शनिवार को अपर समाहर्ता, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर, उप समाहर्त्ता, भूमि सुधार, सोनपुर, अंचलाधिकारी, दिघवारा/सोनपुर के साथ सोनपुर अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न अंचलों में चल रहे भू अर्जन से संबंधित परियोजनाओं यथा शेरपुर - दिघवारा रिंग रोड, मानिकपुर - बाकरपुर भारतमाला परियोजना, जे पी सेतु के समानान्तर पुल का निर्माण परियोजना का एनएचएआई के अभियंताओं के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया।शेरपुर दिघवारा रिंग रोड निर्माण में संदर्भित स्थल पर निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु मुआवजा भुगतान किए गए रैयतों की सूची एनएचएआई को आज ही उपलब्ध कराने, लगातार कैंप आयोजित कर दो दिनों में सभी शेष 257 रैयतों को नोटिस का तामिला कराने, संशोधित दर निर्धारण से संबंधित सभी रैयतों को नोटिस का तामिला कराने, हिस्सेदार की आपत्ति के संबंध में अंतरिम आदेश पारित कर आवश्यक कागजात प्राप्त करते हुए मामले को निष्पादित करने तथा जिन भूमिहीन लोगों के भवन टूट रहे हैं, उनके पुनर्वास हेतु ग्राम पंचायत में भूमि उपलब्ध कराने हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी को आवश्यक निदेश दिए गए।

माणिकपुर -बाकरपुर भारतमाला परियोजना के तहत मुआवजा भुगतान हेतु मौजावार प्रतिदिन बैनर, लैपटॉप, कर्मचारी के साथ कैंप कराने, प्रत्येक दिन आयोजित किए जाने वाले कैंप के संबंध में स्थल सहित पूर्ण विवरणी एक दिन पहले फेसबुक एवं अन्य सोशल मीडिया पर अपलोड कराने तथा आयोजित कैंप में रैयतों की उपस्थिति, मुआवजा भुगतान हेतु की गई सभी कारवाईयों की विवरणी भी प्रतिदिन सोशल मीडिया पर अपलोड कराने का निदेश जिला भू अर्जन पदाधिकारी तथा उप समाहर्त्ता भूमि सुधार, सोनपुर को दिया गया। जे पी सेतु के समानान्तर पुल निर्माण में गाइड बांध से आगे एक सप्ताह के अंदर खेसरा पंजी तैयार कर निर्धारित दर में संशोधन हेतु संबंधित रैयतों को नोटिस का तामिला कराकर उनसे विहित प्रपत्र में आयुक्त के पास आवेदन देने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश जिला भू अर्जन पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी सोनपुर को दिया गया। साथ ही उक्त तीनों परियोजनाओं में शामिल रैयतों को मुआवजा भुगतान में आ रही समस्याओं, उनसे प्राप्त दस्तावेजों तथा उनके द्वारा की जाने वाली कारवाईयों को परियोजनवार तथा रैयतवार एक्सल शीट तैयार कर उसे अनुमंडल कार्यालय, सोनपुर के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित कराने तथा एनआईसी के वेबसाइट पर अपलोड करने तथा लिंक तैयार कर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कराने का निदेश जिला भू अर्जन पदाधिकारी को दिया गया ताकि किसी भी माध्यम से रैयतों को अपनी कमियों की जानकारी सर्व सुलभ हो सके तथा अधिक से अधिक मुआवजा भुगतान की कार्रवाई हो सके।



## पूर्व के विवाद में गोली मार किया जख्मी, रेफर

**दैनिक खोज खबर/दाउदपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बंगरा गांव में बीती रात्रि हृदयानंद दुबे के पुत्र विकास दुबे को गोली मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों ने जख्मी युवक को उपचार के लिए पहले एकमा,फिर छपरा सदर अस्पताल ले गए। इलाज कर रहे चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देख कर पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार शुक्रवार की देर शाम विकास दुबे अपने दरवाजे पर बैठे थे। इस बीच गांव हीं एक व्यक्ति द्वारा दरवाजे पर आकर गोली चला दी गई। जिससे विकास दुबे गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। जिन्हें इलाज के लिए पटना पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। बताते चलें कि दो दिन पूर्व गांव के हीं प्रभाकर दुबे उर्फ मुन्ना दुबे के घर से रुपये के लेन-देन को लेकर हृदयानंद दुबे के घर से विवाद व मारपीट हुआ था। जिसमें प्रभाकर दुबे उर्फ मुन्ना दुबे की पत्नी सीमा देवी,बेटी नेहा कुमारी, छोटे भाई की पत्नी संगीता देवी एवं उनका पुत्र निहालचंद दुबे सहित चार लोगों जख्मी हुए थे। इसके संदर्भ में नेहा कुमारी के बयान पर दाउदपुर थाना में शुक्रवार को आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उस धटना के दूसरे दिन दूसरे पक्ष ने गोलीबारी की घटना का आरोप लगाया है। दाउदपुर थाना पुलिस मामले की गहराई से जाँच पड़ताल में जुट गई है। हालाँकि समाचार भेजे जाने तक दाउदपुर थाने में गोली कांड की प्राथमिकी दर्ज नही हुई है।

# मतदान एक अमूल्य अधिकार है इसका प्रयोग जरूर करें: आयुक्त

### *15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रेक्षा गृह में हुआ कार्यक्रम*

### *भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक और युवा देश*




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में जिलास्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मतदान के महत्व पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए आयुक्त गोपाल मीणा ने कहा कि मतदान का अधिकार बहुत मुश्किलों से प्राप्त हुआ है। संविधान द्वारा सार्वभौमिक शक्ति मतदाता में निहित की गयी है। सरकार बनाने में मतदाताओं का निर्णय ही अंतिम होता है। इसलिए सभी मतदाताओं को जागरूक होकर निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी पूर्ण भागीदारी निभानी चाहिए। लोकतंत्र में अपना प्रतिनिधि चुनने की शक्ति का उपयोग प्रत्येक मतदाता द्वारा अपने विवेक से बिना किसी भय एवं बिना किसी प्रलोभन के करना चाहिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी अमन समीर ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को गर्व होना चाहिए कि हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हम राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर संकल्प लेते हैं कि निष्पक्ष और स्वच्छ मतदान में सहयोगी बनेंगे। उन्होंने कहा कि सफल मतदान का आधार निर्वाचक सूची है। नए लोगों के नाम जोड़ने, सुधार या विलोपन के साथ लिंगानुपात बढ़ाने में जिला में बेहतर कार्य हुआ है। इसका श्रेय हर स्तर के पदाधिकारी और कर्मी को जाता है। आने वाले दिनों में हम आपसी सहयोग को बढ़ाते हुए और भी बेहतर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि विगत दो वर्षों में मतदाता सूची का के लिंगानुपात को 900 से बढ़ाकर अभी 918 तक लाया गया है, मार्च तक इसे 950 तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने युवा मतदाताओं को भी अपना नाम अनिवार्य रूप से निर्वाचक सूची में शामिल कराने का अनुरोध किया।डीएम ने कहा कि जिला के लिए आज का दिन विशेष रूप से गौरवपूर्ण इसलिए भी है कि मतदाता सूची अद्यतिकरण एवं अन्य कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए जलालपुर के बूथ नंबर 182 राजकीयकृत मध्य विद्यालय कुमना के बीएलओ शिक्षक मनीष कुमार सिंह को आयोग द्वारा राज्य स्तर पर पटना में सम्मानित किया जा रहा है।

**प्रदान किया गया बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज अवार्ड:** जिला स्तर पर बेहतर कार्य करने के लिए बनियापुर विधान सभा क्षेत्र के ईआरओ -सह- डीडीसी श्री यतेंद्र कुमार पाल, गरखा के ईआरओ सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी श्री सुमन कुमार, सोनपुर के ईआरओ -सह- एसडीएम सोनपुर श्री आशीष कुमार, मशरख एईआरओ -सह- बीडीओ श्री पंकज कुमार, लहलादपुर एईआरओ -सह- बीडीओ श्री नीलेश कुमार और दिघवारा एईआरओ -सह- बीडीओ श्री अमर नाथ को बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज अवार्ड प्रदान किया गया। साथ ही सभी दस विधानसभा के दस-दस बीएलओ, डाटा इंट्री ऑपरेट विकास कुमार, प्रसन्नजीत कुमार सिंह व अली आलम को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जिला स्वीप आइकन राष्ट्रीय पैरा एथलीट श्री अमित कुमार सिंह, नेहरू युवा केंद्र, भारत स्काउट एंड गाईड और राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, उद्घोषक नदीम अहमद और संजय भारद्वाज को बेहतर सहयोग के लिए मुख्य मंच पर सम्मानित किया गया।

**नव पंजीकृत मतदाताओं को मिला वोटर आई कार्ड:** समारोह में कुल आठ नव पंजीकृत मतदाताओं को निर्वाचन आयोग से बनकर आए वोटर आई कार्ड प्रदान किये गये। जिसमें प्रतीक उज्जैन, संस्कृति उज्जैन, आस्था सिंह, खुशबु परवीन, आदित्य सिंह, सौम्या श्रीवास्तव, प्रीति गुप्त और निखिल गुप्ता शामिल हैं। मौके पर जहां विगत लोक सभा चुनाव में पहली बार मतदान करने वाली वोटर समृद्धि कुमारी ने अपने अनुभव और अनुभूति को साझा किया वहीं वयोवृद्ध मतदाता राजेंद्र कालेज के पूर्व प्राचार्य प्रो अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि 1957 से वे लगातार मतदान कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से मतदान की शक्ति पहचानने और वोटिंग करने की अपील की।

**मतदाताओं को दिलाया गया शपथ:** कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन आयुक्त का लाइव संदेश प्रसारित किया गया। सभा में उपस्थित सभी लोगों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों ने गुब्बारे उड़ाकर नवपंजीकृत मतदाताओं में जोश भरने का कार्य किया। मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आज के आयोजन के औचित्य पर प्रकाश डाला। उप विकास आयुक्त श्री पाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर एडीएम मुकेश कुमार, नगर आयुक्त सुनील कुमार पांडेय, निदेशक डीआरडीए कय्यूम अंसारी, डीसीएलआर सदर प्रियव्रत रंजन, जिला योजना पदाधिकारी राहुल कुमार, डीपीआरओ रवीन्द्र कुमार, वरीय कोषागार पदाधिकारी कुमार विजय प्रताप, एटीओ सुमन कुमार, ओएसडी मनीष कुमार, एनडीसी रवि प्रकाश, जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यानन्द ठाकुर,डीपीओ आईसीडीएस कुमारी अनुपमा, एनवाईके जिला समन्वयक रश्मि शबनम गुप्ता, विनय कुमार चौधरी, सतीश कुमार, अशोक कुमार, सुनील कुमार, प्रवीण कुमार आदि उपस्थित थे।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर के सपनों के समाज का निर्माण की दिशा में नरेन्द्र मोदी की सरकार अनवरत कार्य कर रही है- सिग्रीवाल



**दैनिक खोज खबर/मांझी।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व जननायक कर्पूरी ठाकुर के सपनों के समाज का निर्माण करने की दिशा में केन्द्र की नरेन्द्र मोदी की सरकार अनवरत कार्य कर रही है। यह बातें महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने माँझी के हरदेव यादव कन्या उच्च विद्यालय के प्रांगण में कर्पूरी विचार मंच द्वारा शनिवार को आयोजित कर्पूरी जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि दबे कुचले व शोषित समाज को वास्तव में सम्मान दिलाना ही कर्पूरी ठाकुर के सपनो के समाज निर्माण का मानक है। सांसद ने भारत रत्न स्व ठाकुर के जीवन से जुड़ी अनेक घटनाओं के माध्यम से उनके संघर्षों की चर्चा की। समारोह के संयोजक नागेन्द्र ठाकुर के आग्रह पर उन्होंने हरदेव यादव कन्या उच्च विद्यालय परिसर में कर्पूरी विचार के नाम पर एक पक्का मंच निर्माण की घोषणा की। समारोह में मौजूद सांसद ने माँझी विद्युत उपकेन्द्र के जेई की कथित मिलीभगत से प्रति कनेक्शन 18 सौ रुपये की अवैध उगाही करने तथा एक जाति विशेष के लोगों को टारगेट करके उनका विद्युत कनेक्शन काटकर उन्हें अपमानित करने की स्थानीय लोगों की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए तीन दिनों के भीतर इसकी जांच करा कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इससे पहले समारोह में मौजूद दर्जनों गणमान्य लोगों ने स्व ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सांसद ने समारोह में मौजूद दर्जनों गरीबों के बीच कम्बल व चादर आदि का भी वितरण किया। समारोह के संयोजक नागेन्द्र ठाकुर ने स्वागत भाषण तथा आगत अतिथियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। समारोह को राजद नेता सुधांशू रंजन,जदयू नेता जितेन्द्र सिंह,जन सुराज के नेता मुन्ना सिंह भवानी,माँझी नगर पँचायत की मुख्य पार्षद विजया देवी,शिक्षक नेता समरेन्द्र बहादुर सिंह,हेम नारायण सिंह,अमरजीत सिंह,प्रो शिवाजी सिंह,ई सौरभ सन्नी,पूर्व मुखिया क्रमशः अख्तर अली एवम संतोष पहलवान,उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि कृष्णा सिंह पहलवान,प्रभुनाथ ठाकुर,आनंदी लाल ठाकुर,राजू ठाकुर,झुंझुन ठाकुर,रंजीत ठाकुर,जितेंद्र ठाकुर,राहुल ठाकुर तथा संदीप शर्मा आदि ने भी सम्बोधित किया। समारोह की अध्यक्षता सरपँच धुरंधर ठाकुर तथा संचालन रंजन शर्मा ने किया।




## श्रद्धालु को बाबा हरिहर नाथ मंदिर में दान देने हेतु लगायी गयी डिजिटल पेमेंट सिस्टम ऐप की सुविधा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर केपावन भूमि केबाबा हरिहरनाथ मंदिर परिसर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया,सोनपुर शाखा के मुख्य प्रबंधक कुमार आनंद और श्रीमती रुचिता सिन्हा श्रद्धालु को मंदिर में दान देने हेतु डिजिटल पेमेंट सिस्टम ऐप की सुविधा मंदिर न्यास समिति के उपाध्यक्ष विनोद सम्राट, सचिव विजय कुमार सिंह लल्ला, कोषाध्यक्ष निर्भय कुमार सिंह, सह कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिन्हा को सुपुर्द शनिवार को किए।इससे मंदिर विकास में श्रद्धालु भक्त स्कैन / डिजिटल सिस्टम से सहयोग कर सकते हैं.सर्वप्रथम बाबा हरिहरनाथ में असीम आस्था रखने वाले भक्त सुश्री स्वर्ण सुप्रिया थाना प्रभारी हरिहरनाथ थाना,सोनपुर ओर भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह डिजिटल सिस्टम के माध्यम से मंदिर में सहयोग किए। मंदिर के उतरी हिस्से राम दरबार, कृष्ण दरबार बनाने हेतु नए भवन जी+5 का नींव रखा गया ।मंदिर के बाहर श्रद्धालु भक्त को मंदिर मार्ग में जाने के रास्ते पर दुकान दार द्वारा सड़क पर दुकान खोलने केकारण सड़क मार्ग संकीर्ण हो गया है,उस संबंध न्यास समिति सदस्यों ने सभी दुकानदार लोगों के साथ बैठक की जिसमें न्यास समिति केउपाध्यक्ष विनोद सिंह सम्राट ने सभी दुकनदारों से अपील किए कि अतिक्रमण किए गए सड़क को अभिलंब खाली कर दुकान पीछे करें और मंदिर में आने वाले भक्तों के साथ पंड़ा पुजारी व दुकनदार अच्छे व्यवहार रखें ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो.मंदिर में बाबा हरिहरनाथ के भोग बनाने हेतु नए पाक शाला का भी शुभारंभ किया गया।



## मतदाता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने में बीडीओ और बीएलओ जिलें में सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** बनियापुर विधानसभा क्षेत्र के मशरक प्रखंड के बीडीओ पंकज कुमार समेत 6 बीएलओ को निर्वाचन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिले में सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले में बीडीओ पंकज कुमार और बीएलओ अरूण कुमार पाठक, ज्ञानचंद प्रसाद यादव, रत्नेश कुमार वर्मा, सुनील प्रसाद, नौशाद अली खान,रहमत अली मंसूरी शामिल हैं। सभी को सारण आयुक्त गोपाल मीणा और निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अमन समीर ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बताया गया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं आम निर्वाचन कार्य में बेहतर भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया गया है।

## तरवार गांव में दंपति को एक कमरे में बंद कर चोरों ने नगदी समेत आभूषण उड़ाए

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** भेल्दी थाना क्षेत्र के तरवार पश्चिम टोला गांव में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने एक घर को अपना निशाना बनाया। चोर हरेंद्र पाण्डेय के घर में घुसकर एक कमरे में सो रहे पति-पत्नी को चुपके से बंद कर दिया और घर के कमरे से अलग-अलग अलमीरा व बक्स में रखें 30 हजार नगदी समेत दो गले का हार, टीका,अंगूठी,सोने का चैन समेत अन्य सोने व चांदी के आभूषण की चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर भेल्दी पुलिस मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई। पुलिस इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।इस संबंध में पीड़ित गृह स्वामी हरेंद्र पाण्डेय ने बताया कि शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद एक कमरे में अपनी पत्नी के साथ सो रहे थे। जब वह रात करीब साढ़े 11 बजे के बाद उठे तो उनके कमरे का एक तरफ का दरवाजा बाहर से बंद था।दूसरे तरफ के दरवाजा जब वह बाहर निकले तो देखा सारे रूम का दरवाजा खुला हुआ था और सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। बक्सा व अलमीरा में जो भी कीमती सामान जैसे आभूषण रखे गए थे उसका केवल खाली डब्बा रखा हुआ था।उन्होंने यह भी बताया कि गाय को बेचकर 30 हजार रुपए घर में रखा था जिससे घर के रिपेयरिंग की काम चल रहा था,वह रुपए भी गायब था।घटना की सूचना शनिवार की सुबह पुलिस को दिया गया। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच जांच कर इस मामले में दो लोगों को रियासत में लेकर पूछताछ कर रही है।स्वजनों के द्वारा अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी द्वारा दर्ज कराई गई है।












# सरस्वती पूजा के दौरान डीजे पर रहेगा प्रतिबंध, पंडाल के लिए लेना होगा लाइसेंस

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले के सिसवन, चैनपुर, हुसैनगंज, हसनपुरा, आंदर थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सरस्वती पूजा व बसंत पंचमी को आपसी सौहार्द के बीच मनाने की सलाह दी गई। साथ ही पूजा पंडाल के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य बताया गया। साथ ही डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने की बात कही गई। पूजा के दौरान शांति भंग करने तथा अफवाह फैलाने वाले शरारती तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही गई। जानकारी के अनुसार सिसवन एवं चैनपुर थाना परिसर में अंचलाधिकारी पंकज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक में कई दिशा निर्देश दिए गए। सीओ ने कहा कि पूजा के लिए सभी पूजा कमेटी को लाइसेंस लेना अनिवार्य है। पूजा स्थल पर डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। उन्होंने पूजा कमेटियों से हुड़दंगियों पर नजर रखने एवं तुरंत सूचना देने की बात कही। वहीं सिसवन थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिह ने बताया कि बिना लाइसेंस लिए पूजा की अनुमति नहीं दी जाएगी। पूजा आयोजक से आवेदन प्राप्त होने पर उनको नियमानुसार लाइसेंस प्रदान कराया जाएगा। समय पर विसर्जन करने की बात कही गई। इस मौके पर एसआइ शुभंकर कुमार, परमात्मा यादव, मोगल साह, सतीश यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे। वहीं आंदर थाना परिसर में सर्किल इंस्पेक्टर अब्दुल मजीद व थानाध्यक्ष पप्पन कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सभी को प्रशासनिक नियम का पालन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में एसआइ सूरज प्रसाद, मनीष कुमार, निरंजन कुमार, जदयू जिला सचिव सुशील गुप्ता, विभूतिशरण सिंह, कुंजबिहारी सिंह आदि उपस्थित थे। हुसैनगंज थाना परिसर में थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव, बीडीओ राहुल कुमार एवं सीओ दिव्य प्रकाश की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में एसडीपीओ अजय कुमार सिंह एवं एसडीएम सुनील कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन के आदेशानुसार सभी पूजा कमेटी को लाइसेंस लेना आवश्यक है, लेकिन हर हाल में डीजे बजाने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। इसका उल्लंघन करने वाले पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि रिजवान अहमद, पूर्व प्रमुख बाबुद्दीन आजाद, मुखिया सफी अहमद, राजीव कुमार, सिंटू सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष इमाम जाकिर आदि उपस्थित थे। वहीं एमएच नगर थाना परिसर में अंचलाधिकारी उदयन सिंह की अध्यक्षता व थानाध्यक्ष मिहिर कुमार की उपस्थिति में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य पार्षद प्रतिनिधि महेश कुमार गुप्ता, सरपंच तौहीद जया, वार्ड पार्षद खुर्शीद आलम, राजा खान, मुर्शीद खान, सुरेश महतो, अफजल कुरैशी, पिंटू खान आदि उपस्थित थे।

## डीएम के हाथों सम्मानित होने पर जताई खुशी

**दैनिक खोज खबर/गोरेयाकोठी (सिवान)।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता द्वारा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 111-गोरेयाकोठी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सह स्थानीय बीडीओ डा. अभय कुमार के सम्मानित होने पर कर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के दौरान महत्वपूर्ण व सराहनीय योगदान के लिए डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर बीडीओ को सम्मानित किया। खुशी व्यक्त करने वालों में मनमोहन मिश्र, राजीव रंजन तिवारी, सरफराज अहमद, शकील अख्तर, अरुण कुमार सिंह, राजेंद्र राय, अजय कुमार सिंह आदि ने बीडीओ डा.अभय कुमार को बधाई दी है।

# बंदर के धक्का देने से छत से गिरकर छात्रा की मौत

**परवेज अख्तर/सीवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के माघर गांव में छत पर कंबल सुखाने गई एक छात्रा को बंदर ने धक्का दे दिया। इससे वह छत से नीचे गिरकर घायल हो गई। खून से लथपथ छात्रा को स्वजनों की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर लाया गया, जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्वजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृत युवती की पहचान थाना क्षेत्र के माघर निवासी प्रेमचंद साह की 18 वर्षीय पुत्री प्रिया कुमारी के रुप में हुई है। बताया जाता है कि वह माघर हाई स्कूल सह इंटर कालेज में इंटर की छात्रा थी। मृत छात्रा के पिता प्रेमचंद साह ने बताया कि शनिवार को धूप निकलने पर वह कंबल सुखाने के लिए छत पर गई थी। इसी बीच अचानक बंदर छत पर आ गया और उसे धक्का दे दिया। इससे वह छत से गिरकर घायल हो गई। छत से गिरते हीं उसके कान, नाक से खून गिरने लगा। इसे देख उसे तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर ले जाया गया। वहीं इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी मौत के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि मृतका की मां चिंता देवी की मृत्यु दो वर्ष पहले हो चुकी है। वह चार बहनों में तीसरी थी। उसकी दो बहनों की शादी हो चुकी है। उसका एक बड़ा भाई है। इस मौके पर मुखिया मनमोहन मिश्र, अंगद मिश्र व अन्य लोगों ने पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दी।

# भूमि विवाद निपटारा शिविर में कई मामले की हुई सुनवाई

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले के आंदर, असांव, हुसैनगंज समेत अन्य थानों में शनिवार को भूमि विवाद निपटारा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों द्वारा भूमि विवाद से संबंधित कई मामले की सुनवाई की गई। इस दौरान फरियादियों की भीड़ उमड़ी रही। जानकारी के अनुसार आंदर थाना परिसर में सीओ नीलम कुमारी व थानाध्यक्ष पप्पन कुमार की देखरेख में भूमि विवाद निपटारा शिविर का आयोजन किया गया। सीओ ने बताया कि शिविर में पांच मामले आए, जिसका निष्पाद कर दिया गया। वहीं एक अन्य नया मामला दर्ज किया गया। इस दौरान अंचल कर्मी समरेंद्र कुमार शर्मा, सीआइ कृष्ण कुमार गुप्ता, नागेंद्र कुमार, जान महम्मद अंसारी समेत अन्य कर्मी व फरियादी उपस्थित थे। वहीं असांव थाना परिसर में सहायक समाहर्ता सह बीडीओ नेहा कुमारी, सीओ नीलम कुमारी व एसआइ मिथलेश कुमार की देखरेख में आयोजित भूमि विवाद निपटारा शिविर में तीन मामले की सुनवाई की गई। वहीं हुसैनगंज थाना परिसर में अंचलाधिकारी दिव्य प्रकाश एवं थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव की देखरेख में आयोजित भूमि विवाद निपटारा शिविर में आठ आवेदन प्राप्त हुए। इसमें चार का निष्पादन कर दिया गया तथा चार पर नोटिस जारी की गई। इस अवसर पीटीसी केसरी राम, प्रदीप कुमार, अंचल गार्ड सुनील सिंह सहित विभिन्न गांवों से पहुंचे वादी-प्रतिवादी आदि उपस्थित थे। इसके अलावा बडहरीया थाना परिसर में अंचलाधिकारी सरफराज अहमद व इंस्पेक्टर रूपेश कुमार वर्मा के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित जनता दरबार में कुल 12 मामलों में से सात का निष्पादन किया गया। जबकि पांच मामले की सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई।

# आगलगी मे तीन मवेशी झुलसे, एक की मौत

**दैनिक खोज खबर/सिसवन (सिवान) :** प्रखंड के भागर गांव में शुक्रवार की देर रात घर में आग लगने से सभी सामान जलकर राख में तब्दील हो गए। वहीं घर में बंधे तीन मवेशी भी बुरी तरह से झुलस गए। इसमें एक गाय की झुलसने से मौत हो गई। पीड़ित हृदयानंद यादव ने बताया कि शुक्रवार की रात परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद सोए थे। इसी दौरान घर में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद परिवार के सभी सदस्य किसी तरह घर से बाहर निकल शोर मचाना शुरू किए। स्वजनों के शोर सुनकर आसपास के काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए तथा आग बुझाने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तबतक घर में रखा अनाज, कपड़ा, बर्तन समेत अन्य सामान जल गया। वहीं तीन पशु भी आग से झुलस गए। इसमें एक पशु की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही भागर पंचायत के मुखिया मुन्ना कुमार पासवान सहित कई अन्य लोगों ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। समाचार प्रेषण तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# नागा बाबा के समाधि स्थल पर भंडारा 27 को, तैयारी पूरी

**दैनिक खोज खबर/बड़हरिया (सिवान) :** प्रखंड के सदरपुर मठ पर सिद्ध पुरुष संत शिरोमणि बाबा सियाराम दास उर्फ नागा बाबा के समाधि स्थल पर 27 जनवरी को उनकी आठवीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान उनकी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। इस मौके पर पूजा अर्चना एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। सरपंच अरविंद श्रीवास्तव एवं लालबाबू सिंह ने बताया कि स्थल की साफ-सफाई एवं सजावट का कार्य अंतिम चरण में है। इस मौके पर रामाज्ञा सिंह, अवधेश सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता गुड्डू सिंह, राजू सिंह, मुन्ना सिंह, बिट्टू कुमार, सुरेंद्र सिंह, हरेंद्र साह, अनिल सिंह, मुकेश पाल, अखिलेंद्र सिंह, उमेश राम, भगवान साह, विश्वनाथ सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# बिना हेलमेट वालों को दिया गया नि:शुल्क हेलमेट

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात पुलिस ने शनिवार को लोगों को जागरूक करने के लिए अनोखा तरीका अपनाया। यातायात डीएसपी शैलेश प्रीतम के नेतृत्व में यातायात थानाध्यक्ष अभय नंदन ने अपनी टीम के साथ प्रतीकात्मक रूप से यमराज और उनके दूतों को साथ लिया। गोपालगंज मोड़ पर सभी के साथ वाहनों की चेकिंग शुरू की। बिना हेलमेट वालों को निशुल्क हेलमेट दिया। साथ ही यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया। यातायात डीएसपी ने बताया कि यातायात पुलिस के द्वारा व्यापक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में राहगीरों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर बल दिया गया, साथ ही दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। जागरूकता अभियान का उद्देश्य सड़कों पर सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना और दुर्घटनाओं को कम करना था। बताया कि इस दौरान यातायात पुलिस के साथ स्वयं यमराज लोगों के बीच आकर बता रहे थे की सुरक्षित यातायात के लिए क्या-क्या करना चाहिए ।

## उचक्कों ने झपट्टा मारकर वृद्ध से छीने 50 हजार

**परवेज अख्तर/सीवान।** सराय थाना क्षेत्र के हसनपुरा बस स्टैंड मैदान के समीप शनिवार को दिनदहाड़े बाइक सवार दो उच्चकों ने झपट्टा मारकर एक वृद्ध से 50 हजार रुपये छीन लिए। घटना की सूचना मिलते ही सराय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल में जुट गई। पुलिस सीसी फुटेज के आधार पर बाइक नंबर से दोनों उच्चकों की पहचान करने में जुटी हुई है। घटना के संबंध में पीड़ित एमएम कालोनी निवासी खुर्शीद आलम ने बताया कि पोस्ट आफिस से 50 हजार रुपये निकालकर एक झोला में लेकर घर जा रहा था। इसी दौरान गली में घुसते ही एक बाइक पर सवार दो युवकों ने झपटा मारकर हाथ से झोला छीन लिया। जब तक कुछ समझ पाते तब तक दोनों वहां से फरार हो गए थे। पीड़ित के बेटे आकिब ने बताया कि उनके पिता सचिवालय में कार्यरत है। पोस्ट आफिस से पैसा निकालकर घर जा रहे थे, इस दौरान उच्चकों ने घटना को अंजाम दिया। हालांकि सीसी फुटेज के आधार पर घटनास्थल से लगभग पांच सौ मीटर की दूरी पर भी देखा गया है कि बाइक सवार दोनों रेकी कर रहे थे। गली में सन्नाटा देखकर दोनों ने घटना को अंजाम दिया है।

## 28 को शहर में छह घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** शहर में 28 जनवरी को छह घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इस दौरान मेंटनेंस का कार्य होगा। विभाग ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अपने सभी आवश्यक कार्य निर्धारित समय के भीतर निपटा लें। साथ ही उपभोक्ताओं से वैकल्पिक व्यवस्था कर लेने की अपील की गई है। इस संबंध में शहरी सहायक विद्युत अभियंता शिव शंकर सिंह ने बताया कि आवश्यक रख-रखाव व मरम्मत कार्य को लेकर 28 जनवरी की सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान 33/11 केभी नया पावर सब स्टेशन के टाउन-वन व 33/11 केभी पुराने पावर सब स्टेशन के हास्पिटल और रेलवे फीडर में बिजली बंद रहेगी। उन्होंने बिजली कटौती के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था कर लेने की अपील की है।

सारण जिले के सभी सम्मानित जनता, बुद्धिजीवियों, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं




संदीप कुमार थानाध्यक्ष, भेल्दी (सारण)।

सोनपुर विधानसभा क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनायें-



राजीव मुनमुन भाजपा नेता व पूर्व वार्ड पार्षद नपं सोनपुर

गणतंत्र दिवस तथा बसंत पंचमी के सुअवसर पर डेरनी क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं-

प्रियंका कुमारी
थानाध्यक्ष, डेरनी (सारण)।



प्रखंड क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



बिंदु राय राजद प्रखंड अध्यक्ष सह समाजसेवी मकेर (सारण)

दिघवारा प्रखंड क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं




मनु देवी प्रखंड प्रमुख, दिघवारा दिलीप सिंह समाजसेवी सह प्रमुख प्रतिनिधि, दिघवारा (सारण)।

प्रखंड क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों सहित सभी लोगों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं

मृत्युजंय कुमार प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी दरियापुर (सारण)।



गणतंत्र दिवस पर सभी चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों सहित सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ.सत्येन्द्र कुमार सिंह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दरियापुर (सारण)।



नगर समेत अनुमंडल क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं-



मुकेश कुमार सिंह भाजपा नगर अध्यक्ष, सोनपुर

मकेर प्रखंड क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाए



अनिल सिंह मुखिया, ग्राम पंचायत राज बाघाकोल (मकेर)